हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम लि0 पंचकूला

क्रमांक/पीआरए/2023/3706-3708
दिनांकः– 31-3-23

<u>ई.मेल माध्यम से</u>

प्रबन्धक,
एचएलआरडीसी,
हिसार

विषयः– <u>वर्ष 2023–24 में आंकावाली फार्म, जिला फतेहाबाद पर अनुबन्ध आधार पर कन्ट्रैक्ट फार्मिंग के माध्यम से बीज उत्पादन करवाने बारे।</u>

उपरोक्त विषय के अन्तर्गत लिखा जाता है कि आंकावाली फार्म, जिला फतेहाबाद की 25 एकड़ 1 कनाल 08 मरला भूमि को वर्ष 2023–24 में दिनांक 01.05.2023 से 30.04.2024 तक के लिये Tender No. HLRDC/PRA/2023/36 की दिनांक 27.03.2023 को खोली गई ई–निविदा (वित्तीय बीड) में आरक्षित मूल्य से अधिक रेट होने के आधार पर Sh. Kewal Singh, VPO Akanwali, Distt, Fatehabad को 8,40,000/– (आठ लाख चालीस हजार रू0 केवल) में देने का निर्णय लिया गया है । इसके अतिरिक्त आपको उक्त किसान के साथ ई–निविदा की नियम एवं शर्तो के अनुसार अनुबन्ध करने के लिए आपको अधीकृत किया गया है । अतः आप सलंग्न की गई नियम एवं शर्तो की पालना करवाते हुये उक्त किसान से आंकावाली फार्म, जिला फतेहाबाद की लीजमनी की पूर्ण राशि निर्धारित समय सीमा में निगम के पास जमा करवाना सुनिश्चित करें तथा उक्त किसान के साथ शीघ्र अतिशीघ्र अनुबन्ध करते हुए उसकी एक प्रति इस कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करें ।

संलग्नः नियम एवं शर्तो की प्रति

वरिष्ठ लेखा अधिकारी 31·3·23
कृतेः प्रबंध निदेशक

प्रतिलिपिः–
<u>पंजीकृत</u>

- उपरोक्त की एक प्रति Sh. Kewal Singh, VPO Akanwali, Distt, Fatehabad को भेजते हुए लिखा जाता है कि उपरोक्त टैण्डर खोलने उपरान्त आरक्षित मूल्य से अधिक रेट होने आधार पर आंकावाली फार्म, जिला फतेहाबाद आपको वर्ष 2023–24 में दिनांक 01.05.2023 से 30.04.2024 तक के लिये अनुबन्ध आधार पर कन्ट्रैक्ट फार्मिंग के माध्यम से बीज उत्पादन करवाने हेतु अलॉट किया जाता है । अतः आपको लिखा जाता है कि आप नियम एवं शर्तो के अनुसार प्रबन्धक, एचएलआरडीसी, हिसार के साथ शीघ्र अतिशीघ्र अनुबन्ध करें तथा उनके कार्यालय में नियमानुसार लीजमनी की पूर्ण राशि समय पर जमा करवाना सुनिश्चित करें, ताकि आपको इस फार्म पर आगामी कार्यवाही करने की अनुमति दी जा सके ।
- लेखा शाखा, एचएलआरडीसी, मुख्यालय को आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

DESPATCHED 31/3/23